# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

**Half Yearly Examination (2018 – 2019)**

**Class: IX** **MM: 80**

**Subject: Hindi** **Time: 3 Hrs.**

Name: ______________________ Class / Section: ________ Roll No.:__________

***Fifteen Minutes Extra will be for reading the Question Paper.***

सामान्य निर्देश :–

(1) इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं– 'क', 'ख', 'ग' और 'घ' ।
(2) चारों खण्ड अनिवार्य हैं।
(3) प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
(4) उत्तर–पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्न–पत्र में दी गई है।
(5) निर्धारित समय–सीमा 3.00 +15 घंटे हैं।

---

**(खण्ड–क)**

**प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+1+2+2+2)**

अपनी भूल को न पहचानने का सरल मार्ग है, दूसरों को ही दोषी या अपराधी ठहरा देना। जब हम अपनी भूल को स्वीकार करने की बजाय दूसरों को दोषी या अपराधी ठहराते हैं, तो उन्हें सज़ा दिए बिना हमें बिल्कुल भी चैन नहीं आता हालांकि सज़ा देने के लिए खास योग्यता होनी चाहिए। हर व्यक्ति किसी को उसके अपराध के लिए उपयुक्त सज़ा नहीं दे सकता। दुखी व्यक्ति मात्र बदला ले सकता है। जबकि सज़ा देने वाले को विवेकी या दयालु होना चाहिए तथा उसे किसी व्यक्ति या परिस्थिति विशेष से बाधित नहीं होना चाहिए। जब लोग दुखी होत हैं तो अक्सर सबक सिखाने की बात करते हैं, यह उनकी नफ़रत है जो दूसरे रूप में प्रकट होती है। संवेदनशील व्यक्ति को कोई सज़ा नहीं देता क्योंकि संवेदनशील व्यक्ति तो स्वयं ही अपनी भूल को पहचानकर उसका प्रायश्चित कर लेते हैं। जो लोग प्रायश्चित कर लेते हैं, उन्हें दंड नहीं देना चाहिए। भूल होने पर प्रायश्चित करने की मानव समाज में पुरानी परंपरा है। प्रायश्चित का अर्थ पछतावे के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए, जिस अर्थ में उसे प्रायः लिया जाता है। प्रायश्चित का वास्तविक अर्थ है चित्त को पुनः ताज़ा व युवा कर देना। आत्मा के विस्मरण से जो चित्त बूढ़ा हो गया था उसे स्मृति से पुनः नूतन बनाना ही प्रायश्चित है। अपने–आप को सताने वाला अल्पज्ञानी है। अपनी गलती का ज्ञान ही उसके लिए सज़ा के समान है। किसी को दंड देकर प्रसन्न होने वाला व्यक्ति रुग्ण चित्त का होता है।

**क)** 'अल्पज्ञानी' का समानार्थी एक शब्द लिखिए।
**ख)** 'अपराधी' का विलोम शब्द लिखिए।
**ग)** अपराध के लिए सज़ा देने वाला उपयुक्त अधिकारी हर व्यक्ति नहीं हो सकता। क्यों ?
**घ)** संवेदनशील व्यक्ति को दंड क्यों नहीं देना चाहिए ?
**ङ)** 'प्रायश्चित' से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए।

**प्र0 2 नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+1+1+2+2)**

हम थे अभी–अभी गुलाम यह न भूलना
करना पड़े हमें सलाम, यह न भूलना
रोते फिरे उमर तमाम, यह न भूलना

था फूट का मिला इनाम, यह न भूलना
बीती गुलामियाँ न लौट आए फिर कभी
तुम भावना भरो स्वतंत्रता भरो
तुम भावना भरो
है देश एक लक्ष्य एक कर्म एक है
चालीस कोटि है शरीर मर्म एक है
पूजा करो पढ़ो नमाज़ धर्म एक है
बदनाम हों अगर स्वराज शर्म एक है
चाहो कि एकता बनीं रहे जनम–जनम
तुम भेद न करो मनुष्य भेद न करो
तुम भेद न करो।
बगिया हरी–हरी वसुंधरा भरी–भरी
फिर क्यों रहे मनुष्य की दशा मरी–मरी
फैले कुटी–कुटी महल–महल तरी–तरी
घर में बिरादरी समाज में बराबरी
ऐसा न हो कि कोटि–कोटि ही दुखी रहे
तुम वेदना हरो उदार वेदना हरो
तुम वेदना हरो।

**क)** काव्यांश में कवि क्या न भूलने को कह रहा है ?

**ख)** हम थे अभी–अभी गुलाम यह न भूलना– पंक्ति में कौन–सा अलंकार है ?

**ग)** एकता बनाए रखने के लिए काव्यांश में क्या परामर्श दिया गया है ?

**घ)** 'था फूट का मिला इनाम'– पंक्ति के माध्यम से किस घटना की ओर संकेत किया गया है ?

**ङ)** निम्न पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए–
"बगिया हरी–हरी वसुंधरा भरी–भरी
फिर क्यों रहे मनुष्य की दशा मरी–मरी !"

**(खण्ड–ख)**

**प्र0 3(अ) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

**क)** 'अपकीर्ति' शब्द में उपसर्ग एवं मूलशब्द पृथक कीजिए।

**ख)** 'अभि' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

**ग)** 'भौगोलिक' शब्द में मूलशब्द एवं प्रत्यय पृथक कीजिए।

**घ)** 'हार' प्रत्यय से दो शब्द बनाइए।

**3(ब) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का भेद लिखिए–** **(1+1+1)**
आमरण, त्रिमूर्ति, कमलनयनी

**प्र0 4 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

**क)** ईश्वर करे आपका कार्य पूरा हो। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पहचानिए)

ख) अहा ! कितना रमणीय दृश्य है। (अर्थ के आधार पर वाक्य भेद पहचानिए)

ग) तान्या ने अपना पाठ स्मरण कर लिया है। (निषेधवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

घ) यदि वह परिश्रम करता तो सफल हो जाता। (विधानवाचक वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

**प्र0 5 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–** **(1+1+1+1)**

क) काली घटा का घमंड घटा। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

ख) अनुप्रास अलंकार का एक उदाहरण लिखिए।

ग) हाय ! फूल–सी कोमल बच्ची हुई राख की थी ढेरी। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

घ) उदित उदयगिरि मंच पर रघुवर बाल पतंग।
विकसै संत–सरोज सब, हरषै लोचन–भृंग।। (अलंकार पहचान कर उसका भेद लिखिए)

**(खण्ड–ग)**

**प्र0 6 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** **(1+2+2)**

डाँड़ें तिब्बत में सबसे खतरे की जगहें हैं। सोलह सत्रह हज़ार फीट की ऊँचाई होने के कारण उनके दोनों तरफ मीलों तक कोई गाँव–गिराँव नहीं होते। नदियों के मोड़ और पहाड़ों के कोनों के कारण बहुत दूर तक आदमीं को देखा नहीं जा सकता। डाकुओं के लिए यही सबसे अच्छी जगह है। तिब्बत में गाँव में अगर खून हो जाए तो खूनी को सज़ा भी मिल सकती है, लेकिन इन निर्जन स्थानों में मरे हुए आदमियों के लिए कोई परवाह नहीं करता। सरकार खुफिया विभाग और पुलिस पर इतना खर्च नहीं करती और वहाँ गवाह भी तो कोई नहीं मिल सकता। डकैत पहले आदमी को मार डालते हैं उसके बाद देखते हैं कि कुछ पैसा है कि नहीं। हथियार का कानून न रहने के कारण यहाँ लाठी की तरह लोग पिस्तौल–बंदूक लिए फिरते हैं।

क) तिब्बत में हथियार के कानून की क्या व्यवस्था है ?

ख) तिब्बत में डाँड़ें किसे कहा गया है ? इन्हें खतरनाक क्यों कहा गया है ?

ग) डाँड़ें में मरे हुए आदमी की परवाह क्यों नहीं की जाती ?

**अथवा**

अपने लंबे रोमांचकारी जीवन में ढेर सारे अनुभवों के मालिक सालिम अली एक दिन केरल की साइलेंट वैली को रेगिस्तानी हवा के झोंकों से बचाने का अनुरोध लेकर चौधरी चरण सिंह से मिले थे। वे प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह गाँव की मिट्टी पर पड़ने वाली पानी की पहली बूँद का असर जानने वाले नेता थे। पर्यावरण के संभावित खतरों का जो चित्र सालिम अली ने उनके सामने रखा उसने उनकी आँखें नम कर दी थीं।

क) लेखक ने चौधरी चरण सिंह को कैसा नेता बताया ?

ख) सालिम अली चौधरी चरण सिंह से क्यों मिले थे ?

ग) सालिम अली ने चौधरी चरण सिंह के सामने कौन–सा चित्र प्रस्तुत किया होगा जिससे उनकी आँखें नम हो गईं ?

**प्र0 7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए–** (2X4=8)

क) 'दो बैलों की कथा' पाठ में कौन–कौन–से नीति विषयक मूल्य उभरकर सामने आए ?

ख) हीरा और मोती की मित्रता के विषय में लिखिए ?

ग) किस घटना ने सालिम अली के जीवन को पक्षियों की दुनिया की ओर मोड़ा ?

घ) तिब्बती समाज की सबसे बड़ी विशेषता क्या है ? वर्तमान समय से तुलना करते हुए लिखिए।

**प्र0 8 निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–** (1+2+2)

थल–थल में बसता है शिव ही
भेद न कर क्या हिंदू मुसलमां
ज्ञानी है तो स्वयं को जान,
वही है साहिब से पहचान।

क) कवयित्री ईश्वर को किस नाम से पुकारती है ?

ख) कवयित्री ज्ञानी को क्या जानने की प्रेरणा देती है और क्यों ?

ग) शिव का वास कहाँ है और सामान्य लोग उसका निवास कहाँ मानते हैं ?

**अथवा**

क्या गाती हो
क्यों रह रह जाती हो ?
कोकिल बोलो तो!
क्या लाती हो
संदेशा किसका है ?
कोकिल बोलो तो !
ऊँची–काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेटभर खाना
मरने भी देते नहीं तड़प रह जाना !
जीवन पर अब दिन रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है ?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली ?

क) पाठ और कवि का नाम लिखिए?

ख) जेल में कैदियों के साथ कैसा बर्ताव किया जाता था ?

ग) ब्रिटिश सरकार कैदियों के मनोबल तोड़ने के लिए क्या करती थी ?

**प्र0 9 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए–** **(2X4=8)**

क ब्रजभूमि के प्रति कवि का प्रेम किन–किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है ?

ख सखी ने गोपी से कृष्ण का कैसा रूप धारण करने का आग्रह किया था ? अपने शब्दों में लिखिए।

ग कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही है ?

घ मनुष्य ईश्वर को किस प्रकार प्राप्त कर सकते हैं ?

**प्र0 10** 'शिक्षा बच्चों का जन्मसिद्ध अधिकार है' इस दिशा में लेखिका मृदुला गर्ग के प्रयासों का उल्लेख कीजिए। **(1X4=4)**

**अथवा**

एकांकी के आधार पर रामस्वरूप एवं गोपाल प्रसाद की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ?

**(खण्ड–घ)**

**प्र0 11** निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखिए– **10**

क **मेरे सपनों का भारत–** सर्वगुण संपन्न, धन–धान्य से संपन्न, भारत के चरित्रवान नागरिक, देशहित सबसे ऊपर, उपसंहार

ख **बीता समय फिर नहीं लौटता** –समय का महत्त्व, समय नियोजन, समय गँवाने की हानियाँ।

ग **विद्यार्थी और अनुशासन–** भूमिका, अनुशासन और नैतिकता सफल जीवन के मार्ग, पाश्चात्य प्रभाव, अनुशासन और नैतिक शिक्षा की आवश्यकता, उपसंहार।

**प्र0 12** अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए कि वह अपने स्कूल में सदा उपस्थित रहे और परीक्षा की भली–भाँति तैयारी करे।

**अथवा**

अपने क्षेत्र में पेड़–पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए। 5

**प्र0 13** स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए लगभग पचास शब्दों का एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**अथवा**

त्योहारों के अवसर पर कपड़ों की सेल से संबंधित एक विज्ञापन 25 से 50 शब्दों में लिखिए।